खबर संक्षेप

## उत्कृष्ट मोहगांव की छात्रा निदा नाज विद्यालय में रही अव्वल



**मोहगांव।** माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड मध्य मध्यप्रदेश शासन के द्वारा गत दिवस कक्षा 12वीं एवं 10वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। उक्त परीक्षा परिणाम में शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय मोहगांव का 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा कक्षा दसवीं में 58 विद्यार्थी दर्ज थे जिसमें 53 बच्चे पास हुए और विद्यालय का 91.4 प्रतिशत रहा जिसमें लोकनाथ साहू 81% के साथ कक्षा में प्रथम पास हुए इसी प्रकार अनुराग कोरचे 81% के साथ कक्षा में द्वितीय तथा अंशिका अग्रवाल 80% के साथ कक्षा में तृतीय पास हुई इसी के साथ कक्षा बारहवीं में 271 विद्यार्थी दर्ज थे तथा 170 विद्यार्थी पास हुए विद्यालय का प्रतिशत 62.6 रहा। जो पिछला रिजल्ट 30% से बढ़कर दसवीं का 91% और पिछला रिजल्ट 12वीं का 40% से बढ़कर 62.6 परसेंट रहा है। प्रभारी प्राचार्य दीपक कछवाहा ने बताया कि 12वीं की गणित संकाय की छात्रा निदा नाच विद्यालय में 437 अंकों के साथ शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया साथी अतुल पिता कंदीलाल 413 अंक के साथ द्वितीय स्थान एवं कीर्ति पिता रोशन 336 अंकों के साथ कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त की इसी प्रकार कृषि संकाय की छात्रा हर्षिता बाते पिता भारत लाल 433 अंकों के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त की तथा रामस्वरूप पिता अंतराम 433 अंकों के साथ कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया साथ ही निलेश अहिरवार पिता ओमप्रकाश 418 अंकों के साथ कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया साथ ही कला संकाय में चमरी मरावी पिता जागे सिंह 396 अंकों के साथ कक्षा में प्रथम स्थान एवं प्रियंका नंदा पिता सुरेश 391 अंकों के साथ कक्षा में द्वितीय स्थान साथ एवं प्रीति मरावी पिता सुरेश 386 अंकों के साथ कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार विद्यालय में जीव विज्ञान संकाय में नम्रता साहू 388 अंकों के साथ कक्षा में प्रथम पुनीत यादव 379 अंकों के साथ दितीय और श्याम काली 375 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त की है विद्यालय की सराहनीय परिणाम से अभिभावकों द्वारा विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित की गई एवं बच्चों को मिष्ठान खिलाकर उत्साह वर्धन किया गया इस अवसर पर प्रभारी प्रचार दीपक कछवाहा, परीक्षा प्रभारी चंद्रपाल सिंह गौड़, कृष्ण कुमार बाकले ,शिक्षक नारायण भवेदी, अनिल दुबे ,जय श्री कछवाहा सरिता धुर्वे, रामनाथ मरावी, नरेश पांडया, एवं विद्यालय में कार्यरत अतिथि शिक्षक एवं कार्यालीन कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### पैरों से उत्तर लिख प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की परीक्षा

# दिव्यांग द्रोपती ने दिखाया सामर्थ्य

*** कलेक्टर ने की द्रोपती की सराहना।**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण करने वाली दिव्यांग बालिका द्रोपती धुर्वे के सामर्थ्य का सम्मान करने कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा से लगे ग्राम भीमडोंगरी पहुँची। द्रोपती के दोनों हाथ नहीं है फिर भी उसने पैरों से उत्तर लिखकर दसवी बोर्ड की परीक्षा को प्रथम श्रेणी से पास किया है। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि वनांचल में रहने वाली द्रोपती का यह हौंसला और सामर्थ्य प्रेरणास्पद है। द्रोपती ने अपने हौसलों के दम पर यह प्रमाणित कर दिया है कि यदि मन में कुछ करने का संकल्प है तो कोई भी बाधा उसे प्रभावित नहीं कर सकती। हर बच्चों को द्रोपती के संकल्प से सीखने की आवश्यकता है। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सिडाना ने द्रोपती को अध्ययन के लिए हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया।

### शिक्षक होना पुण्य का कार्य

भ्रमण के दौरान कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने हाईस्कूल तथा हायरसेकेंडरी परीक्षा में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले हायरसेकेंडरी स्कूल भीमडोंगरी तथा हायरसेकेंडरी स्कूल मोतीनाला के शिक्षकों तथा विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्याथियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि वनांचल में संचालित इन विद्यालयों की सफलता ने प्रमाणित कर दिया है कि कामयाबी में संसाधन से अधिक मेहनत का महत्व होता है। उन्होंने शिक्षकों द्वारा किए गए प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें आगामी वर्ष में शतप्रतिशत परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षक होना पुण्य का कार्य है जो एक छात्र को बेहतर शिक्षा देकर उसके परिवार के साथ-साथ उस क्षेत्र के विकास में महती भूमिका अदा करते हैं। ज्ञात होवे कि हायरसेकेंडरी स्कूल भीमडोंगरी का कक्षा बारहवी का 98.52 एवं दसवी का 96.50 तथा हायरसेकेंडरी स्कूल मोतीनाला का कक्षा बारहवी में 82.76 तथा दसवी में 69.23 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा है। हायरसेकेंडरी स्कूल मोतीनाला ने पिछले वर्ष की परीक्षा परिणामों की तुलना में 42.8 प्रतिशत की वृद्धि की है।

### जिंदगी को बेहतर बनाने सिर्फ पढ़ाई ही एकमात्र रास्ता

हायरसेकेंडरी स्कूल भीमडोंगरी तथा मोतीनाला के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि वर्तमान में दुरस्थ अंचलों के विद्यार्थी भी सफलता के शिखर छू रहे हैं। मंडला जिले के छात्र-छात्राओं में बहुत योग्यता है, समय पर अपने लक्ष्य का निर्धारण करें तथा उसे हासिल करने के लिए पूरी क्षमता से प्रयास करें। जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए पढ़ाई ही एकमात्र रास्ता है। उन्होंने विद्यालयों में कैरियर काउंसलिंग के सत्र आयोजित करने के निर्देश दिए। इससे पहले विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक खुमरी पहनाकर कलेक्टर का स्वागत किया।





## लिमरूआ स्कूल प्राचार्य एल.पी. सिंगौर हुए सेवानिवृत्त



*** विद्यालय परिवार ने किया भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

शास.उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लिमरूआ के प्राचार्य एवं जनशिक्षाकेन्द्र लिमरूआ के प्रभारी लक्ष्मण प्रसाद सिंगौर विगत 30.04.2024 को अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। विद्यालय परिवार ने इस अवसर भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय के नवप्रभारी प्राचार्य एम. एस. चौहान एवं शिक्षको ने एल पी सिंगौर के आत्मीय, सह्रदय, मिलनसार, शांत, सहज कर्मठ व्यक्तित्व एवं आदर्श शिक्षक कुशल नेतृत्वकर्ता, आदर्श प्राचार्य एवं संकुल प्रभारी के रुप मे उनके विशिष्ट एवं अविस्मरणीय कार्यो को रेखांकित करते हुए उनके अनुशासित एवं कर्मठ व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। श्री सिंगौर ने अपने लगभग 26 वर्षों के अद्वितीय कार्यकाल मे कुशल शैक्षिक प्रशासक के साथ साथ भौतिक शास्त्र एवं गणित जैसे कठिन विषयो का उत्कृष्ट शिक्षण कार्य किया। आपके सेवाकाल मे 08 वर्षो तक आपके अध्यापित विषयो का परीक्षाफल 100% एवं शेष वर्षों में 90% से अधिक रहा है। विदा लेते समय भी इस सत्र मे आपके कुशल मार्गदर्शन मे विद्यालय की कक्षा दसवी की बोर्ड परीक्षा का परीक्षाफल 100% कक्षा 12 वी विज्ञान संकाय का परीक्षाफल 100% एवं कला संकाय का 95.8% एवं कुल औसत परीक्षा परिणाम 97.14% रहा जो एक अविस्मरणीय उपलब्धि है। विद्यालय के नवप्रभारी प्राचार्य एम एस चौहान का भी इसमे पूर्ण सहयोग रहा। इस उपलब्धि पर जिला प्रशासन की ओर से विद्यालय को एक स्मार्ट बोर्ड एवं एक वाटर कूलर प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। आज के इस भावभीने कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक संजीव दुबे ने किया। उन्होंने भावपूर्ण विदाई गीत गाकर वातावरण को बहुत ही भावुक बना दिया। अंत मे विदा लेते हुए प्राचार्य एल पी सिंगौर ने अपने कार्यकाल मे सभी शिक्षको, कर्मचारियों जन शिक्षक द्वय श्री मर्सकोले एवं अरविंद सिंगौर तथा संकुल के सभी शिक्षको का ह्रदय से आभार व्यक्त किया एवं एवं आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा देते हुए आश्वस्त किया। कि जब भी विद्यालय को मेरी जरूरत होगी मै सदैव तैयार रहूँगा।इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं हवेली बम्हनी बंजर स्कुल के प्राचार्य विजय ठाकुर, हाई स्कूल ग्वारी प्राचार्य सुनील यादव, हाईस्कूल जहरमउ के प्रमारी श्री नामदेव, श्री सिंगौर के परिजन एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। स्वल्पाहार पश्चात सभी श्री सिगौर को सम्मान के साथ घर तक छोड़ने गये।

# यातायात व्यवस्थित करने बाजार स्थल में की मार्किंग

रिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिला मुख्यालय बाजार में पार्किंग स्थल ना होने के कारण यहां की यातायात व्यवस्था प्रतिदिन बिगड़ जाती है। चौबीस घंटे में किसी भी समय कहीं भी जाम लग जाता है। जिससे आवाजाही अवरूद्ध होती है, जिसके कारण आमजनों समेत इमरजेंसी वाहन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इन्हीं सब समस्याओं को देखते हुए यातायात पुलिस और नपा मंडला द्वारा बाजार स्थल की यातायात व्यवस्था सुचारू करने के लिए मार्ग किनारे मार्किंग की है। जिससे यातायात व्यवस्था सही हो सके। जानकारी अनुसार बाजार में मोटर साइकिल की अव्यवस्थित पार्किंग से निपटने के लिए यातायात पुलिस और नगरपालिका मंडला द्वारा पहल करते हुए एक बार फिर चौपाटी से लेकर पूरे बाजार स्थल में मार्किंग कराई है। यातायात पुलिस द्वारा बाजार में प्रतिष्ठानों एवं दुकानों के सामने खड़े होने वाले टू व्हीलरों के पार्किंग के लिए मार्किंग की गई। इसके साथ ही दुकानदारों से कहा है कि कि वे अपने प्रतिष्ठानों में आने वाले ग्राहकों की पार्किंग लाइन के अंदर एवं व्यवस्थित पार्किंग कराएं। जिससे बाजार स्थल में यातायात व्यवस्था सुव्यवस्थित बनी रहे। नपा अधिकारी गजानन नपाडे ने बताया कि बाजार स्थल में दुकानों के सामने मार्किंग करा दी गई है, इसके साथ ही दुकानदारों को भी समझाईश दी गई है कि दुकान आने वाले वाहनों को सही पार्क कराए, मार्किंग के बाहर कोई वाहन खड़ा ना होने दे। इसके साथ ही हाथ ठेले वालों को भी मार्किंग के किनारे ही खड़े होने को कहां गया है, जिससे बाजार स्थल का यातायात ना बिगड़े। आज ठेले वालों और दुकानदारों को एक बार फिर समझाईश दी जाएगी। यातायात प्रभारी ललित धुर्वे ने बताया कि बाजार स्थल में आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए मार्किंग की गई है। दुकानों के सामने पार्किंग होने से ग्राहकों को वाहन व्यवस्थित खड़ा करने में सुविधा होगी, मार्किंग होने से कम से कम स्थान में अधिक वाहन खड़े किए जा सकते हैं। यदि वाहनों को व्यवस्थित लाइन से लगाए जाए तो अधिक से अधिक वाहन खड़े किए जा सकते हैं।

## थाना कोतवाली पुलिस ने 30 गुम मोबाइल को ढूंढ कर आवेदकों को लौटाये



**मण्डला।** मण्डला पुलिस द्वारा लगातार मोबाइल गुम की शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए तलाश कर लौटाये जा रहें हैं। मोबाइल गुमने पर शिकायत हेतु आवेदकों की असुविधाओं से बचने के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया हैं। आज दिनांक को थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गुम मोबाईल से संबंधित शिकायत में जानकारी प्राप्त करते हुए पुलिस टीम ने लगातार प्रयास करते हुए विगत 1 माह में विभिन्न जिलों में समन्वय स्थापित कर कोतवाली थाना क्षेत्र की शिकायतों में 30 मोबाइल दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त हुई है। जिन्हें कोतवाली थाना द्वारा मालिकों को सौपें गये। थाना में प्राप्त शिकायतों में थाने द्वारा प्रार्थियों को मोबाईल प्रदान किये गये। आमजन अब मोबाइल गुमने होने पर अपनी शिकायत आनलाईन भी कर सकते है। आनलाईन शिकायत हेतु पोर्टल https://www.ceir.gov.in या मण्डला पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 7587644088 या 7049141561 पर सूचना देकर जानकारी प्राप्त कर सकतें हैं। उक्त कार्यवाही में एसडीओपी मण्डला के नेतृत्व में सायबर नोडल थाना प्रभारी निरीक्षक शफीक खान, प्रधान आरक्षक पुरन ईडपांचे,रवीन्द्र, आरक्षक अमित गरयार,योगेश,रमेश,दीपांशु सायबर नोडल थाना से पुनीत जंघेला,अंकित ठाकर, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक हिमांशु चौहान शामिल रहे।

## दहेज की मांग करने वाले आरोपीगणों को 6-6 माह का सश्रम कारावास एवं जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मंडला जिला मण्डला द्वारा आरोपी संजय खांडेल पिता दीपचंद खांडेल उम्र 32 वर्ष (2) अजय कुमार पिता दीपचंद खांडेल 37 वर्ष (3) विजय कुमार पिता दीपचंद उम्र 33 वर्ष (4) दीपचंद पिता स्व. श्री नारायण प्रसाद उम्र 67 वर्ष (5) श्रीमति कुसुम पति दीपचंद खांडेल उम्र 54 वर्ष (6) पूनम खांडेल पति विजय कुमार खांडेल उम्र 28 वर्ष सभी निवासी सरदार पटेल वार्ड ईडन गार्डन थाना मंडला जिला मंडला को दोषी पाते हुये धारा 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम में 6-6 माह सश्रम कारावास एवं कुल 6000 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन कहानी संक्षिप्त में इस प्रकार है, कि फरियादी ने थाना मंडला जिला मंडला में इस आशय का आवेदन पेश किया कि उसके विवाह के 15 दिन बाद अभियुक्तगण दहेज को लेकर उसके साथ लड़ाई झगड़ा और मारपीट करते थे। उसकी सास दहेज में कम जेवर लाने को लेकर उसे ताना मारती थी। उसका पति भी उससे मारपीट करता था और लात से मारता था। उसका ससुर उसे घर से धक्का मारकर बाहर निकाल दिया था तथा उसके दोनों जेठ एवं जेठानी ने उसके साथ हाथ, लात-घूंसे से मारपीट कर उसे घर में घुसने नहीं दिए तथा दहेज में कार, सोन, चांदी के कीमती जेवर तथा 2 लाख रूपये लाने का कहकर घर से धक्का मारकर भगा दिए और बेटी होने की वजह से उसे प्रताड़ित करते थे। रिपोर्ट पर अभियुक्तगण के विरूद्ध थारा 498ए भा.द.स. एवं धारा 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। दौरान विवेचना प्रार्थिया एवं गवाहों के कथन लिए जाकर घटना स्थल का मौका नक्शा तैयार किया गया। प्रार्थिया के पेश करने पर शादी के फोटो, शादी का कार्ड एवं उपहारों की सूची जप्त की गई। संपूर्ण विवचेना उपंरात अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में पेश किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्क से सहमत होते हुयें विचारण उपरांत माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मंडला जिला मण्डला द्वारा आरोपी संजय खांडेल पिता दीपचंद खांडेल उम्र 32 वर्ष (2) अजय कुमार पिता दीपचंद खांडेल 37 वर्ष (3) विजय कुमार पिता दीपचंद उम्र 33 वर्ष (4) दीपचंद पिता स्व. श्री नारायण प्रसाद उम्र 67 वर्ष (5) श्रीमति कुसुम पति दीपचंद खांडेल उम्र 54 वर्ष (6) पूनम खांडेल पति विजय कुमार खांडेल उम्र 28 वर्ष सभी निवासी सरदार पटैल वार्ड ईडन गार्डन थाना मंडला जिला मंडला को दोषी दोषी पाते हुये उक्त दण्ड से दण्डित किया गया। अभियुक्तगण को वरिष्ठ न्यायालय में अपील करने हेतु जमानत पर छोड़ा गया है। प्रकरण में शासन की ओर से अभियोजन संचालन सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी जीतेन्द्र सिंह के द्वारा की गई है।

**निर्देश** | **कलेक्टर ने किया मवई क्षेत्र के बैगा बाहुल्य ग्रामों का भ्रमण।**

# उपार्जन के साथ परिवहन पर करें फोकस

*** बाजार केन्द्रों में छाया एवं पेयजल की हो व्यवस्था।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने अंजनिया, मोतीनाला, खिकसादांड, भीमडोंगरी आदि क्षेत्र का भ्रमण करते हुए शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे क्षेत्र का प्रभावी भ्रमण करते हुए कार्यों में गति लाएं। भ्रमण के दौरान एसडीएम बिछिया सर्जना यादव, ईईपीएचई मनोज भास्कर, सीईओ जनपद बिछिया विनोद मरावी, सीईओ जनपद मवई कपिल तिवारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### व्यवस्थाओं को बेहतर बनाएं

भ्रमण के दौरान कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने उपार्जन केन्द्र अंजनिया का निरीक्षण करते हुए खरीदी प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देशित किया कि उपार्जन में मानकों का ध्यान रखें। गुणवत्ता में की गई शिथिलता से किसानों को अवगत कराएं। उपार्जन के साथ-साथ परिवहन पर भी फोकस करें। उन्होंने कहा कि उपार्जित गेहूं के भुगतान के संबंध में आवश्यक प्रक्रिया भी जारी रखें। बारदानों में किसानों के नाम एवं कोड स्पष्ट रूप से अंकित करें। कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्र में किसानों के लिए छाया तथा पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

### बारिश से पहले पूरा करें आवास

जनमन योजना के तहत बैगा हितग्राहियों को स्वीकृत किए गए आवास के निर्माण कार्यों की प्रगति देखने कलेक्टर डॉ. सिडाना बैगा बाहुल्य ग्राम खिकसादांड पहुंची। यहां पर उन्होंने बैगा हितग्राही रामकुमार हजरिया, अंधियारो बाई आदि हितग्राहियों से चर्चा करते हुए उन्हें आवास के निर्माण कार्य को बारिश से पहले पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करते हुए हितग्राहियों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करें। उन्होंने हितग्राहियों से जियो टेगिंग तथा राशि प्रदाय की जाने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली।

### प्राथमिकता से कराएं नलजल योजना तथा हेंडपंपों में सुधार

भ्रमण के दौरान कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने विभिन्न ग्रामों में नलजल योजनाओं के संचालन तथा हेंडपंपों की स्थिति के संबंध में भी ग्रामीणों से जानकारी ली। ग्राम खिकसादांड में नलजल योजना का कार्य अब तक प्रारंभ नहीं होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित एजेंसी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। डॉ. सिडाना ने कहा कि सभी नलजल योजनाओं की मॉनिटरिंग करें तथा आवश्यकतानुसार सुधार के कार्य सुनिश्चित करें। इसी प्रकार बंद हेंडपंपों में भी तत्काल सुधार कराएं।

### भीना में बैठकर किया बच्चों से संवाद

कलेक्टर ने ग्राम खिकसादांड के एक बैगा के घर पर बने भीना में बैठकर स्कूल जाने वाले बच्चों से चर्चा की तथा शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने बच्चों से शिक्षकों की उपस्थिति, विद्यालय भवन की स्थिति, मध्यान्ह भोजन, छात्रवृत्ति, गणवेश आदि के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने उपस्थित ग्रामीणों से ग्राम की आर्थिक गतिविधियों, खेती आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक किसानों को उपार्जन की प्रक्रिया एवं तिथि से अवगत कराएं। कलेक्टर ने ग्रामीणों से राहत राशि वितरण आदि के संबंध में भी जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।




**खबर संक्षेप**

## पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में आज होगा शिकायत निवारण शिविर का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार की अभिनव पहल, गर्मी के मौसम एवं तापमान को दृष्टिगत रखते हुए आमजनों की समस्याओं एवं शिकायतों निवारण हेतु माह के प्रत्येक शुक्रवार को गाडरवारा में आयोजित किया जावेगा शिकायत निवारण शिविर का आयोजन। इसी के चलते आज शुक्रवार को नगर के पुलिस थाने में जिला पुलिस अधीक्षक सहित उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा व नगर निरीक्षक उमेश तिवारी की मौजूदगी में शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बताया जाता है कि इस शिविर में पहुंचने वाले लोगों से जिला पुलिस अधीक्षक सीधे बात करते हुये उनकी समस्याओं का मौके पर ही निदान करेगे।

## नगर में भारी वाहनों पर निर्धारित समय के लिये लागू की जावे नो एन्ट्री

**सांईखेड़ा।** जहां एक ओर सांईखेड़ा क्षेत्र में लगातार विकास की बात तो आये दिन होते हुए सुनी जा रही है, मगर नगर की प्रमुख समस्या को लेकर आज तक निजात दिलाने की ओर किसी भी प्रकार की पहल नही होना जहां क्षेत्र में लगातार हो रहे विकास के कार्यो पर प्रश्न चिन्ह लगते हुए देखा जा रहा है? वही दूसरी ओर आम लोगों की जिन्दगी भी इस समस्या के चलते खतरे से खाली दिखाई नही दे रही है, क्योंकि इस समस्या के बीच गरीब लोगों को मौत के मुख्य में बैठकर अपनी रोजी रोटी कमाने के लिए मजबूर देखा जा रहा है? बताया जाता है कि नगर के बीचों बीच से निकला हुआ प्रदेश की राजधानी से जुड़ने वाले स्टैट स्तर के मार्ग पर जिस प्रकार से दिन भर भारी वाहनों की धमाचौकड़ी लगी रहती है, वही दूसरी ओर इस मार्ग के किनारे ही लगने वाले साप्ताहित बाजार में दुकानदारी करने वालों के लिए भी खतरे की घंटी बजाते हुए यह वाहन तेज गति से दौड़ रहे है? इतना ही नही इसी मार्ग से जहां नगर के स्कूली बच्चों का आना जाना रहता है, वही दूसरी ओर अन्य शासकीय कार्यालयों में पहुचने वाले लोगों का भी दिन पर इस मार्ग पर आनाजाना होने क कारण जब इस मार्ग से भारी भरकम वाहनों का निकलना होता है तो आये दिन जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। वही दूसरी ओर बाजार के दिन तो यह हाल होता है कि लोगों का निकलना ही मुश्किल हो जाता है। इस सच्चाई को देखते हुए बीते लम्बे समय से लोगों द्वारा सांईखेड़ा में वायपास मार्ग की मांग की जा रही है, मगर इस ओर किसी भी जिम्मेदार द्वारा ध्यान नही दिये जाने के कारण जहां आम लोगों के लिए खतरा पैदा हो रहा है, वही दूसरी ओर किसी दिन कोई बड़ी घटना की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता है? इस प्रकार से नगर के मुख्य मार्ग से निकलने वाले भारी भरकम वाहनों की आवाजाही को लेकर नगर के लोगों द्वारा सुबह 9 बजे से 11 बजे तक तथा शाम 3 बजे से 5 बजे तक तथा बाजार के दिन दोपहर 3 बजे से शाम 8 बजे तक नो एन्ट्री लगाये जाने की मांग की जा रही है, लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन द्वारा इस प्रकार की व्यवस्थाओं के चलते उदासीनता बरती गई तो निश्चित ही किसी दिन सांईखेड़ा बाजार में कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना को नजर अंदाज करना मुश्किल साबित हो सकता है?

## सांईखेड़ा मुख्य बाजार यातायात सुधार को लेकर प्रशासन नहीं है गंभीर

**सांईखेड़ा ।** इस समय देखा जा रहा है कि जिस प्रकार से दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा को जहां ग्राम पंचायत से नगर पंचायत व तहसील का दर्जा मिल जाने के कारण अब इस कसबा ने बड़ा रूप धारण तो कर ही लिया गया है, वही यहां से प्रदेश स्तर के मार्ग का निर्माण होने के बाद स्थिति इस प्रकार से हो गई है।

# गाडरवारा से इटारसी की ओर जा रही दानापुर पुणे ट्रेन के ऊपर सालीचौका रेल्वे स्टेशन के पास टूटकर गिरा बिजली तार, यात्रियों में मचा अफरा तफरी का महौल










**सालीचौका।** अक्सर लोगों को यह बात कहते हुये सुना जाता है कि जब उन्हें लम्बी दूरी की यात्रा करनी होती है तो वह कहते है कि चलों भाई किसी ट्रेन से चलते है यात्रा सुरक्षित हो जावेगी..? मगर अब ट्रेनों में यात्रा करने के दौरान कौन सी घटना कहा घट जावे इस बात की कोई गारंटी नही रहे गई है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये गुरूवार को उस समय देखने मिली जब शाम 5 बजे के लगभग गाडरवारा से इटारसी की ओर जा रही पुणे दानापुर एक्सप्रेस ट्रेन सालीचौका रेल्वे स्टेशन के सामने से गुजर रही थी उसी दौरान रेल परिचालन में उपयोग होने वाली बिजली लाईन का अचानक स्टेन्ड सहित तार टूटकर जब ट्रेन के ऊपर गिराने के चलते तेज आवाज आने के कारण जहां ट्रेन रूक गई और दूसरी ओर ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्रियों में अफरा तफरी का महौल निर्मित हो गया..? वैसे भी देखा जावे तो इस ट्रेन का सालीचौका रेल्वे स्टेशन पर किसी तरह से रूकने का स्टाप न होने के कारण यह ट्रेन फ्री लाईन यानि की बीच वाली पटरियों से होकर गुजर रही थी। मगर इचानक बिजली तार ऊपर लगे हुये स्टेन्ड सहित ट्रेन के ऊपर गिरने के कारण यात्री घबरा जाने के कारण चीख पुकारे सुनाई देने लगी। वही तो अच्छा हुई कि ट्रेन के चालक द्वारा सूझबूझ का परिचय देते हुये ट्रेन को तुरंत मौके पर रोककर एक बड़ी घटना घटित होने से बचा ली गई। इस तेज आवाज के बीच जब अचानक ट्रेन रूकी तो यात्रियों द्वारा अपने अपने डिब्बो से उतरकर यहां वहां भागते हुये देखा गया, जिसके चलते सालीचौका रेल्वे प्लेट फार्म पर अफरा तफरी का महौल दिखाई देने लगा था। वही दूसरी ओर सालीचौका रेल्वे स्टेशन शहर से लगा होने के चलते नगरवासियों ने इस तरह घटित हुई घटना की सच्चाई को देखा गया तो वह भी दहशत में आने से नही चूक पाये इसी के चलते रेल्वे स्टेशन पर लोगों की भीड़ एकत्र होने से नही चूक पाई। वही दूसरी ओर रेलवे स्टेशन प्रबंधन द्वारा लगातार माइक के माध्यम से रेल यात्रियों सहित आम लोगों को सुरक्षित रखने के लिये यह सूचना प्रशारित करते हुये सुना जा रहा था कि कोई भी यात्री ट्रेन से नीचे न उतरे नीचे खतरा है? मगर यात्रियों द्वारा तेज आवाज के बीच अचानक ट्रेन रूकते हुये दहशत के चलते ट्रेन के डिब्बो से कूंदना शुरू कर दिया गया था। ट्रेन के परिचालन में उपयोग होने वाली बिजली तार सहित स्टेन्ड पटरियों के बीच में पड़ा होने के चलते जहां ट्रेन चलने के बिजली सप्लाई व्यवस्था ठप्प होने के कारण यह दानापुर पुणे एक्सप्रेस सालीचौका रेलवे स्टेशन पर रूकी रही तो दूसरी ओर रेल प्रबंधन द्वारा इस घटना की जानकारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दिये जाने के चलते इस मार्ग से गुजरने वाली अन्य ट्रेनों को दूसरी स्टेशनों पर रोक जाने की खबर है? इस प्रकार से शाम 5 बजे के लगभग घटित हुई इस घटना के चलते जहां समाचार लिखे जाने तक दानापुर पुणे एक्सप्रेस जहां सालीचौका रेलवे स्टेशन पर रूकी हुई थी। वही अन्य ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित होते हुये देखा जा रहा था। इस तरह अचानक घटित हुई घटना के संबंध में जब हमारे प्रतिनिधि राजेश वर्मा द्वारा रेल विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि रेल परिचालन में उपयोग होने वाला विद्युत तार टूट जाने के कारण बिजली सप्लाई बंद हो गई जिसकी सूचना वरिष्ठ कार्यालय को दे दी गई शीर्घ ही टीम आकर सुधार कार्य करेगी और बिजली चालू होते ही ट्रेन को रवाना कर दिया जावेगा। इस घटना से किसी तरह से कोई क्षति तो सामने नही आई है बाकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारी ही दे सकते है। वही दूसरी ओर ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्रियों से चर्चा की गई तो श्याम सुन्दर जायसवाल जो सिंगरौली से यात्रा कर रहे थें उनका कहना था कि हम लोग निश्चिंत होकर यात्रा कर रहे थें। मगर अचानक तेज आवाज आने के साथ जब ट्रेन रूकी तो हम लोग घबरा गये मगर देखा तो ट्रेन के ऊपर बिजली तार टूटा हुआ पड़ा था। इसी प्रकार से यात्री लक्की भाई का कहना है कि मै जबलपुर से इटारसी के लिये यात्रा कर रहा था जब अचानक ट्रेन में तेज आवाज आई तो ऐसा लगा कि शायद ट्रेन गिरने वाली है। मगर ट्रेन के ड्राईवर द्वारा बडी ही सूझबूझ का परिचय देते हुये ट्रेन को रोकते हुये सभी यात्रियों की जिन्दगी को सुरक्षित बना डाला। वही अश्वनी पांडे जो पुणे जा रहे थें उन्होने चर्चा के दौरान बताया कि अब तो यह लगे लगा है कि कौन सी घटना कब घट जावे। क्योंकि जब हम ट्रेन में सबार थें और ट्रेन अपनी गति पर दौड़ रही थी। मगर अचानक जब हम लोगों ने ट्रेन में अचान तेज आवाज सुनी तो हम लोग घबरा गये और डिब्बे के अंदर महिला यात्री चीख मचाने लगी कि है भगवान बचाओ। ऐसा लग रहा था कि शायद आज इस ट्रेन में हम सभी लोगों की आखरी यात्रा होगी। मगर ट्रेन ड्राईवर को धन्यवाद देत है जिसने अपनी सूझबूझ के चलते हम सभी लोगों की जिन्दगी को सुरक्षित बनाया गया। इसी प्रकार से दिलीप पांडे का कहना है कि वह प्रयाग राज से पुणे की यात्रा करते हुये पुणे जा रहे थें। मगर जब देखा कि ट्रेन में ते आवाज आ रही है तो हम लोगों को ऐसा महसूस हुआ कि शायद ट्रेन पर किसी ने हमला कर दिया गया है। हम लोगों की जान में जान तब वापिस आई जब ट्रेन पूर्णरूप से सुरक्षित स्थिति में रूकी। बाद में पता चला कि ट्रेन के ऊपर बिजली तार स्टेन्ड सहित गिर जाने के कारण वह ट्रेन के चाकों के नीचे आकर फंस गया था। इस तरह चलती हुई ट्रेन के ऊपर बिजली तार गिरने के कारण सालीचौका में एक बड़ी घटना घटित होने से बाल बाल बच गई। वही दूसरी ओर समाचार लिखे जाने तक टूटे हुये बिजली तार का सुधार कार्य जारी होने के चलते ट्रेन रूकी हुई थी तो दूसरी ओर सालीचौका से गाडरवारा की ओर आने जाने वाले मार्ग का रेल्वे गेट बंद होने की स्थिति के चलते यहां पर वाहनों की दोनों ओर लम्बी लाईन लगी हुई देखी जा रही थी।

## भागवत कथा में उमड़ रहा भक्तों का जन सैलाब सतकर्म से देवता प्रसन्न होते हैंः स्वामी इंद्रदेव महाराज




**गाडरवारा।** नगर के बोदरी मार्ग स्थित शनि मंदिर के पास एनटीपीसी आडिटोरियम के सामने श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी श्री इंद्रदेव सरस्वती महाराज के मुखार बिंद से 7 दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा पुराण में जहां प्रतिदिन लोगों का जन सैलाब उमड़ते हुये देखा जा रहा है। वही कथा के दूसरे दिवस स्वामी इंद्रदेव महाराज ने भगवान की लीलाओं का वर्णन सुनाते हुये कहा कि भगवान की भक्ति में कुछ दिन परेशानी होती है और लगता है कि हम तो बैसई ठीक थें। इस झंझट में कहा से पड़ गये। मगर मृत्यु लोक में स्वर्ग का रास्ता सिर्फ भगवान की भक्ति के मार्ग से ही मिलता है। और जब कोई भी भक्त ईश्वर का आराधना अपने सच्चे भाव से करता है उसकी परेशानी भगवान जरूर दूर करते है। इस दौरान उन्होंने सुदामा का उदाहरण देते हुए कहा कि सुदामा भगवान कृष्ण के बाल सखा थे जब भगवान कृष्ण से उनकी बहुत दिनों बाद मुलाकात हुई तो सुदामा जी की वजह से उनकी बस्ती का भी उद्धार हो गया था। मगर आज के जमाने में इस तरह के मित्र देखने मिला मुश्किल है। कथा में श्री इंद्रदेव सरस्वती महाराज ने कहा कि भागवत कथा पुराण सुनना मानव जीवन के लिये कर्म परमकल्याण करने वाला होता है। इस कर्म को करने से सभी का कल्याण होता है। उन्होंने शुभकर्म एवं सदकर्म की व्याख्या करते हुए कहा कि दोनों कर्मो में बहुत अंतर है । सदकर्म में एक कर्म करने से सारे जगत का उद्धार होता है एवं सदकर्म का फल कभी खत्म नही होता है । सदकर्म करने से देवता प्रसन्न होते हैं। इसीलिए सभी को जीवन मे सदकर्म करते हुए भागवतीय कर्मो से जुड़े रहना चाहिए। भागवत कथा में श्री इंद्रदेव सरस्वती ने आगे कहा कि रामायण में शबरी के जीवन में 9 प्रकार की भक्ति बताई गई है। क्योंकि जिन्होंने भगवान का मार्ग बताया है वही गुरु प्रथम पूज्यनीय है। हमारे देश मे गुरु की महिमा अपरंपार है। भगवान श्री राम एवं कृष्ण जी के भी गुरु थे। उस समय गुरू आश्रमों में रहकर शिक्षा प्रदान करते थें और शीष्य वही पर रहकर शिक्षा ग्रहण करते थें। ऐसा नही होता था कि सुबह गये और शाम को वापिस शिक्षा प्राप्त करने में वर्षो का समय लग जाता था। शिक्षा प्राप्त करने के लिये भगवान भी गये थें। कथा का वर्णन आगे सुनाते हुये बताया कि कलयुग में सिर्फ भागवत कथा ही मानव जीवन का सहारा है। क्योंकि कलयुग में एक इंसान दूसरे इंसान को नीचा दिखाता है और रुपयों के महत्त्व सहित आपसी बैर एवं भेदभाव से मानव संबंध बिगड़ रहे है। स्थिति तो यहां तक देखने मिलती है कि रूपया पैसा को लेकर भाई का दुश्मन भाई तक बनने से नही चूक पाते है। जबकि यह सब जानते है कि रूपया पैसा तो इस धरती पर रख रह जाता है। मगर इसके बाद भी लोग सभी मर्यादाओं को छोड़कर रूपया पैसा के लिये एक दूसरे के दुश्मन बनने से नही चूक रहे है।

## सी एम राइज स्कूल साईंखेड़ा में हुआ समर कैम्प का शुभारंभ



**सांईखेड़ा।** मध्यप्रदेश शासन शिक्षा विभाग भोपाल से प्राप्त निर्देशों के परि पालन में विगत सत्र की भाँति इस सत्र में भी ग्रीष्मावकाश में विद्यार्थियों के विद्यालय से जुड़ाव और विभिन्न सह-अकादमिक गतिविधियों के प्रोत्साहन की दृष्टि से सी एम राइज विद्यालय साईंखेड़ा समर कैम्प का शुभारंभ बीते हुये1 मई से किया गया है। बताया जाता है कि इस कैम्प के माध्यम से संस्था के विद्यार्थियों द्वारा इस हेतु समर कैम्प प्रभारी भानुप्रताप राजपूत द्वारा पंजीयन कराया गया। ज्ञात हो कि समर कैम्प में गतिविधियों पर आधारित मॉड्यूल के आधार पर प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जाना है। जिसमें शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा खेल खेल में मनोरंजन के साथ खेल, नृत्य, संगीत, पुस्तकालय तथा कंप्यूटर की गतिविधियों को सम्मिलित किया गया है। संस्था के प्राचार्य चंद्रकांत विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि इस समर कैम्प के माध्यम से विद्यार्थियों के समग्र विकास की पहल की जाती है। जिसमें विद्यार्थियों के साथ शिक्षक भी बढ़चढ़कर भागीदारी करते हैं। प्रथम दिवस सत्यवती कौरव, आरती पटेल, चंद्रशेखर बसेडिया, अखिलेश मेहरा, आदित्य द्विवेदी, रीतेश अवस्थी, पुण्यप्रताप वर्मा, रिया श्रीवास, तरुण श्रीवास्तव, भानु खरे, मोनिका राय, पूनम बसेडिया सहित अनेक विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

## बिजली की ऑख मिचौली से शहर से लेकर ग्रामीणजन हो रहे परेशान, अधिकारी नहीं दे रहे

**सांईखेड़ा।** इस समय देखा जा रहा है कि जहां बिजली विभाग द्वारा शहर वासियों को मन माफिख बिल देते हुए उनके त्योहारों के उत्सह को तो फीका कर दिया गया है। मगर जिस प्रकार से बिजली कटौती की जा रही है उसके चलते लोगों को मुश्किल में डाल दिया गया है। बताया जाता है कि इस समय शहर से लेकर गॉवो में जिस प्रकार से बिजली की ऑख मिचौली चल रही है, उसके चलते लोग परेशान हो रहे है तो वही दूसरी ओर बच्चें अपनी पढ़ाई नही कर पा रहे है तो दूसरी ओर गर्मी का सीजन शुरू हो जाने के कारण लोग रात को सुख की नीद नही ले पा रहे है। इस संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया जाता है तो उनके द्वारा कह दिया जाता है कि अचानक बिजली लाईन में खराबी आ जाने के कारण बंद हुई है सुधार कार्य चल रहा है। जबकि गौर किया जावे तो गर्मी का सीजन शुरू होने के पूर्व बिजली विभाग द्वारा सुधार के नाम पर संपूर्ण नगर की बिजली बंद रखी गई थी, और कहा गया था कि गर्मी के मौसम के दौरान लोगों को बिजली की परेशानी का सामना नही करना पड़ेगा। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि प्रतिदिन दिन रात में अनेकों को बार बिजली अचानक बंद हो रही है, जिससे बिजली विभाग द्वारा पूर्व के समय में किये गये सुधार कार्य को लेकर जहां अनेक सबाल खड़े हो रहे है। वही दूसरी ओर यह सबाल भी उठ रहा है कि आखिर में किस प्रकार से सुधार हुआ था जिसके चलते अब गर्मी शुरू होते ही लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जो दिन में अनेको बार बिजली बंद हो रही है। अब सबाल यही पैदा हो रहा है कि क्या बिजली सुधार कार्य के नाम पर सिर्फ औपचारिकता ही निभाई गई थी या फिर शासन के पैसा की होली खेली गई थी? इस प्रकार से बिजली की आंख मिचोली के चलते सर्वधिक परेशानी नगर के उन रिहाईशी इलाकों के निवासियों को हो रही है, जहां पानी की सप्लाई नलकूपों के माध्यम सें की जाती है। इन इलाको में बार बार बिजली बंद होने से पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इस प्रकार से लगातार हो रही बिजली की अघोषित कटौती को लेकर नागरिको का कहना है कि शाम ढलने के साथ ही बिजली की ऑख मिचौली शुरू हो जाती है जो लगभग सारी रात व दिन में भी जारी रहती है।

## अभियान मुस्कान के तहत गाडरवारा पुलिस गायब हुई किशोरी को खोजने में हुई सफल




**गाडरवारा।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के कुशल नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष अभियान "आपरेशन मुस्कान" के तहत गाडरवारा पुलिस को अपहत हुई एक 13 वर्षीय नाबालिक किशोरी को खोजने में सफलता मिली है। ज्ञात हो की पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा सभी थाना प्रभारियों की बैठक आयोजित कर जिला अंतर्गत अपहत नाबालिग बालिकाओं के प्रकरणों की समीक्षा उपरान्त नाबालिग बालिकाओं खोजने के लिये विशेष आपरेशन मुस्कान चलाये जाने के आदेश जारी किये गये है। इसी के चलते बीते हुये दिनों प्रार्थी द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया गया था कि उसकी 13 साल 05 माह की लड़की बिना बताए कहीं चली गयी है । आस-पास एवं अन्य रिश्तेदारों के यहां बहुत तलाश करने पर भी उसका कोई पता नहीं चला है । वही प्रार्थी द्वारा आशंका व्यक्त की गई कि उसकी नाबालिक लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहल-फुसलाकर अपने साथ ले गया है । इस तरह पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामल कायम करे हुये उसकी खोजबीन के लिये एक टीम का गठन किया गया था। इस तरह जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के नेृत्व में बनाई गई इस टीम में मुख्य रूप से नगर निरीक्षक उमेश तिवारी के साथ उप निरीक्षक मनीषा लिल्हारे,उप निरीक्षक गजराज सिंह, प्रधान आरक्षक परमानंद, आरक्षक सुजीत बागरी, आरक्षक शिवम गुर्जर, आरक्षक दीपक राजपूत, महिला आरक्षक ज्योति दुबे,गीता अग्रवाल,आरती राजपूत,नेहा पटेल को शामिल किया गया था। इस तरह नाबालिक बालिका की तलाश हेतु गठित की गयी टीम द्वारा स्थानीय स्तर पर पतासाजी उपरान्त जानकारी प्राप्त करने हेतु तकनीकी माध्यमों से जानकारी प्राप्त की गयी एवं क्षेत्रीय मुखबिरों को सक्रीय किया गया । जिसके परिणामस्वरुप सूचना प्राप्त हुई कि उक्त अपहता ग्राम धमना थाना ठेमी जिला नरसिंहपुर में हैं । सूचना प्राप्त होते ही तत्काल पुलिस टीम द्वारा ग्राम धमना पहुँचकर गायब हुई किशोरी को खोजते हुये उसके परिजनों को सौपा गया।

## दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में बस यात्रियों को गर्मी से बचने के लिए नहीं है कोई साधन

**सांईखेड़ा।** इस समय चल रही सूरज की तेज तपन के चलते जहां बस यात्रियों को परेशानी का सामना इसलिये करते हुये देखा जा रहा है। क्योंकि भले ही सांईखेड़ा को तहसील का दर्जा मिलने के साथ साथ यहां पर नगर पंचायत, महाविद्यालय के आलवा अन्य सुविधाये मिल चुकी है। मगर बस यात्रियों के लिये कोई ठोर ठिकाना नही मिल पाया है? इस तरह दादा धूनी वालों के नगर में बस स्टेन्ड के आभाव के चलते जहं बसयात्रियों को तपती हुई धूव तो बारिश के सीजन में भीगते हुये अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। वही गर्मी के दिनों में तेज धूप के चलते खुले मैदान में खड़े होकर बसों का इंतजार करते हुए देखा जाता है। इस नगर में देखा जाता है कि बाहर से आने वाले यात्री पानी और छॉव की तलाश में इतने बडे नगर में किसी भी प्रकार से बस स्टेन्ड नही होने के कारण बस यात्रियों को सदा ही परेशान होते हुए आसानी से देखे जा सकते है? क्योंकि साईंखेड़ा में स्थाई बस स्टेण्ड एवं यात्री प्रतीक्षालय की सुविधा न होने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि क्षेत्र की सच्चाई पर गौर किया जावे तो नर्मदा नदी के झिकोली पर पुल का निर्माण होने के कारण जहां यह क्षेत्र प्रदेश की राजधानी भोपाल से जुड गया है जिसके चलते यहॉ से प्रतिदिन गाडरवारा, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिलवानी, शाालाबरू, उदयपुरा, मेहरागॉव, सिरसिरी, रायसेन, भोपाल सहित अनेको यात्री बसे निकलते है एवं झिकोली के लिये लगभग 25 टायमिंग बसे निकलती है, परन्तु विभिन्न स्थानों के लिये जाने वाले बसयात्रियों को बसों के इंतजार के लिये सड़क पर पेड़ के नीचे या चाय पान की दुकानों पर बैठना पड़ता है। इस स्थिति में प्रमुख रूप से देखा जावे तो महिला बस यात्रियों के लिये ऐंसी स्थिति में सर्वाधिक परेशानी होती है, जिसमें यहां पर स्थापित ब्लाक कार्यालय, उत्कृष्ठ विद्यालय सहित महाविद्यालय की स्थापना हो जाने के कारण अनेक महिलाओं के आलवा छात्राओं द्वारा बसो के माध्यम से ही आना जाना किया जाता है। मगर वह बस स्टेण्ड पर न होने के कारण यहां वहां भटकते हुए देखी जाती है। वही दूसरी ओर न तो महिलाओं के लिए यहां पर शौचालय है

## आखिर में जल बिहीन नहरों का क्या औचित्य, जब किसानों को मौके पर नहीं मिल पा रहा है

**मनकवारा।** इस समय देखा जा रहा है कि क्षेत्र का किसान नही मिल पाने के कारण अपनी फसलों को लेकर परेशान देखे जा रहे है, वही दूसरी ओर स्थिति इस प्रकार से है कि वह आगामी फसलों की तैयारियों को लेकर पानी की व्यवस्था तक पूरी करने में असमर्थ महसूस करने से नही चूक रहे है। मगर वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो क्षेत्र में जहां शासन द्वारा करोड़ो रूपया खर्च करते हुए क्षेत्र के किसानों के खेतों में से नहरों का निर्माण तो कर दिया गया है, मगर उन नहरों में जरूरत के समय पानी नही आने के कारण उनके औचित्य पर भी सबाल खड़े होने लगे है। नहरो की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जब क्षेत्र में नहरों के निर्माण कार्य की शुरूआत हुई थी उस समय क्षेत्र के किसानों के चेहरों में इस सोच के साथ खुशी झलक रही थी कि क्षेत्र में नहरों का निर्माण होने के कारण उनकी जिन्दगी संभल जावेगी? जब नहरों से पानी आवेगा तो वह अपने खेतों में भर पूर फसल लेते हुए खुशहाली से झूम उठेगे, मगर इस समय वह खुशी उनके लिए मात्र एक सपना ही साबित हुए जान पड़ रही है? क्योंकि क्षेत्र में बनी हुई नहरे मात्र उन्हें चिडाते हुए जान पड़ रही है? क्योंकि क्षेत्र में करोड़ो की लागत से बनी हुई नजरों में पानी नही छोड़े जाने के कारण लोगों कह रहे है कि आखिर में जब नहरें बन ही चुकी है तो फिर इसका लाभ क्षेत्र के किसानों को मिल क्यों नही रहा है क्या यह नहरें सिर्फ दिखाने के लिए ही बनाई गई थी? जो आज मुश्बित के समय किसानों को उपयोगी साबित नही हो रही है तो फिर इनके निर्माण का मतलब ही क्या रह गया है, वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो नहरों के निर्माण के बाद संबंधित विभाग द्वारा न तो इनकी सफाई की ओर किसी प्रकार से ध्यान दिया गया है और न ही उन्हें चालू किये जाने की ओर कोई पहल की जा रही है,।

## खबर संक्षेप

### उपार्जन केंद्र शहपुरा का भारतीय किसान संघ ने किया अवलोकन



**शहपुरा।** इस भीषण गर्मी के दिनों किसान अपनी गेंहू की फसल विक्रय करने के लिए उपार्जन केंद्र पहुंचकर गेहुं का विक्रय कर रहे है। आज भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष बिहारीलाल साहू एवं जिलामंत्री एडवोकेट निर्मल कुमार ने उपार्जन केंद्र शहपुरा का औचक अवलोकन किया तथा किसानों से खरीदी केन्द्र के बारे में चर्चा किए। किसानों ने बताया की इस केंद्र में किसानों के लिए पेयजल, बैठने के लिए टेंट आदि की सुलभ व्यवस्था है ।

### पिपराड़ी में श्रीमद् भागवत कथा का संगीतमय आयोजन



**शहपुरा।** डिंडोरी जिला के शहपुरा क्षेत्र से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी ग्राम पिपराडी गांव में 26 अप्रैल से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है भागवत पुराण कथा का समापन 3 मई 2024 को किया जाएगा जिसमें बहुत दूर-दूर से श्रोता गड़ भागवत कथा का श्रवण पान करने पहुंच रहे हैं जानकारी में बताया गया कि कार्यक्रम पिपराडी गांव के खेर माई प्रांगण में आयोजित किया गया है जहां प्रतिदिन भंडारे का भी आयोजन किया जाता है। यह भागवत कथा बहुत ही आनंदमय भक्तिमय और संगीतमय होने के कारण श्रोतागड़ प्रतिदिन भक्ति भाव में डूबे रहते हैं।

### करंट की चपेट में आये युवक हुई मौत

**अनूपपुर।** चचाई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सकोला में 30 अप्रैल को कूलर में पानी भरने के दौरान करंट की चपेट में आने से ग्रामीण की मौतहो गई। जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। बताया गया कि शिवकुमार द्विवेदी पिता चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी उम्र 45 वर्ष जो की 30 अप्रैल को अपने घर पर कूलर में चालू हालत में पानी भर रहे थे इसी दौरान करंट की चपेट में आने से वहीं पर बेहोश की स्थिति में गिर पड़े। इसके कुछ समय पश्चात पत्नी नीलू द्विवेदी के द्वारा देखे जाने पर कूलर को बंद करते हुए परिवार के अन्य लोगों के साथ उपचार के लिए केंद्रीय चिकित्सालय धनपुरी ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के पश्चात पुलिस के द्वारा मर्ग कायम करते हुए जांच की जा रही है।

### कोतमा थाने में दर्ज हुआ दुष्कर्म का प्रकरण

**अनूपपुर।** 1 मई को पीड़िता राखी सिंह (परिवर्तित नाम) उम्र 17 वर्ष निवासी अमराडंडी, थाना अमलाई, जिला शहडोल के द्वारा थाना कोतमा आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई पीडिता अपनी सहेली के साथ अमलाई रेल्वे स्टेशन गई थी, उसी दौरान अमलाई रेल्वे स्टेशन पर उसे आरोपी निवासी कोतमा जिला अनूपपुर के द्वारा रोजगार दिलाने के बहाने पीडिता एवं उसके सहेली को बहला फुसला कर ट्रेन में बैठाकर कोतमा ले आया और पीडिता के साथ गोविन्दा के नर्सरी में ले जाकर दुष्कर्म किया गया। पीडिता की रिपोर्ट पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। घटना को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मो0 इसरार मन्सूरी के द्वारा थाना प्रभारी कोतमा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु थाना प्रभारी कोतमा को निर्देशित किया गया है।

# अमानक सामग्री से निर्माण हो रहे सी एम राइज स्कूल भवन

मध्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजना जोकि ग्रामीण स्तर में बेहतर शिक्षा प्रदान करने का माध्यम माना जा रहा है। जो स्कूल केजी 1 से 12 वीं कक्षा तक संचालित हो रहे हैं। भवन निर्माण उपरांत सर्व सुविधा आवासीय एवं 15 किलोमीटर की परिधी से छात्रों को परिवहन व्यवस्था किया जाना प्रस्तावित हैं।






**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।**

जिसका भवन मुख्यालय अमरपुर से 7 किलोमीटर दूरी पर ग्राम देवरी में भवन निर्माण जनजातीय कार्य विभाग द्वारा स्वीकृत किया जाकर मध्य प्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम जबलपुर 02 के द्वारा ठेकेदार मेसर्स विनय गुप्ता भोपाल के द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा हैं। जिस कार्य की तकनीकी स्वीकृति 2257.66 लाख एवं प्रशासकीय स्वीकृति 3023.88 लाख जारी किया गया हैं। जिस निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा अमानक सामग्री का उपयोग किया जा रहा हैं। जिस संबंध में उच्चाअधिकारियों द्वारा लिखित में तकनीकी मार्गदर्शन दिए गए हैं। उन निर्देशों की भी अवहेलना करते हुए मनमानी पूर्वक कार्य किया जा रहा हैं। जिसमें गिट्टी की साइज 20 एमएम की जगह बारीक गिट्टी मिलकर कालम भराई की जा रही हैं। साथ ही रेत में डस्ट का उपयोग किया जा रहा हैं। वहीं पर लोहे की सरिया भी खुले आसमान के नीचे जमीन पर रखा गया हैं, जिस वजह से सरिया में जंग लग रहा हैं। उसी सरिया से निर्माण कार्य किया जा रहा हैं। जबकि लोहे की सरिया किसी सेड के नीचे रखा जाना चाहिए। साथ ही किए गए कांक्रीट में पानी की तराई भी नियमानुसार नहीं किया जा रहा हैं। इस प्रकार निर्माण कार्य में अन्य और भी तकनीकी खामियां आसानी से देखी जा सकती हैं। इसके पूर्व जिला कलेक्टर के औचक निरीक्षण में भी अनियमित्ता पाई गई थी, जिस पर कलेक्टर द्वारा फटकार लगाते हुए श्रम विभाग को जांच कर अग्रिम कार्यवाही के लिए निर्देश दिए गए थे। साथ ही ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा मजदूरों से अभद्रता की भी शिकायत प्रशासक को की जा चुकी हैं। इससे महसूस होता हैं कि ठेकेदार के रसूख के आगे सब नतमस्तक हैं। जहां बिना रियाल्टी के मुरूम भी उत्खनन किया जा रहा हैं। जिसे कोई रोकने टोकने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा हैं या फिर जानबूझकर अनजान बने हुए हैं।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शहपुरा में अचानक लगी आग

## अस्पताल के गार्ड ने दिखाई तत्परता, अग्निशामक यंत्र से बुझाई आग





**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।**

शहपुरा नगर के सरकारी अस्पताल में अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई जानकारी लगते ही तत्काल अस्पताल में पदस्थ सिक्योरिटी गार्ड ने तत्परता दिखाते हुए आज को बुझाया और आग में काबू पाया गया नहीं तो बड़ी घटना घट सकती थी जानकारी के पता चला कि यह आग बिजली शॉर्ट सर्किट की वजह से लगा था। जानकारी अनुसार डिंडोरी जिला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा में अचानक अस्पताल अंदर धू धू करके आग जलने लगी तत्काल जानकारी लगते ही अस्पताल में पदस्थ गार्ड ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास किया जिससे बड़ी दुर्घटना होते-होते बची जानकारी में पता चला कि यह आग लगने का वजह शार्ट सर्किट रहा।

# अमरपुर में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस

**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।**

जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर मजदूर संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भगवान विश्वकर्मा का पूजन अर्जन कर प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत मजदूर साथियों का स्वागत सत्कार किया गया। मजबूर संघ जिलाध्यक्ष दशरथ सिंह ठाकुर के द्वारा अपनी क्षमताओं व कौशल से राष्ट्र के नवनिर्माण एवं प्रगति में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले सभी सम्मानित मेहनतकश श्रमिकों बहनों कामगारों को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि देश की असली बुनियाद मजदूर, किसान और कमजोर वर्ग ही हैं। विश्व श्रमिक दिवस पर हमारे सभी सम्मानित श्रमिक भाई एवं बहनों को हम नमन करते हैं। जिनके परिश्रम से राष्ट्र की सफलता का क्रम लगातार आगे बढ़ रहा हैं। इसके अलावा जिला महामंत्री मथुरा प्रसाद बर्मन, कार्यवाहक अध्यक्ष राम सुजान ठाकुर, भारतीय मजदूर संघ अध्यक्ष राकेश कुमार चैधरी, जिला महामंत्री इमरान खान, अमरपुर पुलिस चैकी प्रभारी




अतुल हरदहा, ग्राम पंचायत सरपंच रामनाथ उद्दे, ब्लॉक अध्यक्ष अमरपुर राम कुमार यादव, सचिव मुन्ना लाल विश्वकर्मा, मदन यादव, कोषाध्यक्ष चंद्र सिंह द्वारा भी उपस्थित मजदूर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया गया।

## रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर नैनो उर्वरकों का उपयोग है अधिक लाभदायक

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कृषि विभाग द्वारा किसानों के हित में सूचना जारी कर बताया गया कि नैनो उर्वरक (नैनो यूरिया एवं नैनो डी.ए.पी.) अत्याधिक कुशल उर्वरक है, जो सूक्ष्म कणों के माध्यम से फसलों को नाइट्रोजन एवं फॉस्फोरस जैसे पोषक तत्व प्रदाय करते हैं। पारंपरिक रासायनिक उर्वरक डी.ए.पी. एवं यूरिया के स्थान पर तरल नैनो यूरिया एवं नैनो डी.ए.पी. का उपयोग करना अधिक लाभदायक है। दोनों में तुलान्तमक जानकारी दी गई की पारंपरिक रासायनिक उर्वरक (यूरिया एवं डी.ए.पी.) में पारंपरिक रासायनिक उर्वरकों की दक्षता 25 प्रतिशत है। 1 बोरी पारंपरिक रासायनिक उर्वरक में दर अनुसार यूरिया-266.5 रू0 प्रति 45 कि.ग्रा. डी.ए.पी.- 1350 रू0 प्रति 50 कि.ग्रा., व्यय में यूरिया 533 रूपये प्रति 90 कि.ग्रा.प्रति एकड़, यूरिया एकड और डी.ए.पी. 1350 रूपये प्रति 50 कि.ग्गा. प्रति एकड़ है, जबकि नैनो यूरिया एवं नैनो डी.ए.पी. में नैनो उर्वरकों का दक्षता 85-90 प्रतिशत है। नैनो उर्वरक 500 मि.ली. की (एक बोतल) होती है, जिसमें नैनो यूरिया का व्यय दर 240 रू0 प्रति 500 एम.एल. प्रति एकड़ नैनो डी.ए.पी. 600 रू0 प्रत्ति 500 एम.एल. प्रति एकड़ है। अतः तुलात्मक दृष्टि से भी नैनो यूरिया एवं नैनो डी.ए.पी. अधिक उपयोगी और फायदेमंद है। कृषि विभाग द्वारा नैनो उर्वरक के उपयोग की विधि बताया गया कि इस उर्वरक को 2-4 मि.ली.ध्लीटर पानी का घोल का खड़ी फसल में छिड़काव करें, इसका उपयोग सभी प्रकार के फसलो पर किया जा सकता है। पहला छिड़काव फसल के अंकुरण के 30 दिन बाद एवं दूसरा छिड़काव पहले छिड़काव के 20-25 दिन बाद करें। नैनो उर्वरक फसल की उपज की पोषक गुणवत्ता को बढ़ाता है एवं फसल उत्पादकता में वृद्धि और लागत में कमी करके किसानों की आय में वृद्धि करता है। साथ ही पर्यावरण के लिए पूर्णतः सुरक्षित है।

# चंदा एकत्र कर तलैया सफाई करा रहे आदिवासी ग्रामीण





**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।**

जनपद पंचायत क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत मुख्यालय देवरी के आदिवासी मोहल्ला में वर्षों पुराना एक तलैया का निर्माण पंचायत द्वारा किया गया था। जोकि वर्तमान समय में भरपट चुका था। जिसकी सफाई एवं गहरीकरण के लिए ग्रामीणों द्वारा कई वर्षों से पंचायत से मांग की जा रही हैं। फिर भी तलैया की सफाई एवं गहरीकरण नहीं किया जा सका। तब मोहल्ले वासियों ने आपस में चंदा कर 25 हजार एकत्र कर जेसीबी मशीन के माध्यम से तलैया सफाई का कार्य करा रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा यह भी बतलाया गया कि इस मोहल्ले में नल जल योजना का पानी भी नहीं मिल पा रहा हैं। इस प्रकार न उन्हें पेयजल उपलब्ध हो पा रहा हैं और ना ही मवेशियों को पीने का पानी मिल पा रहा हैं। जिस गांव में एक उच्च स्तरीय पानी टंकी जो विगत 10 वर्षों से अपूर्ण की स्थिति में हैं। जो ग्राम वासियों के लिए दुर्भाग्य ही कहा जा सकता हैं। वहीं पर शासन प्रशासन के लिए ये शर्म की बात ही कहा जा सकता हैं। जो आदिवासी मोहल्ले को इस भीषण गर्मी में पेयजल की सुविधा नहीं दे पा रहे हैं। ग्रामीण मवेशियों के पानी पीने के लिए चंदा एकत्र कर व्यवस्था बना रहे हैं। जबकि शासन प्रशासन का कहना हैं कि पेयजल के लिए किसी भी ग्रामीण को यहां वहां नहीं भटकना नहीं पड़ेगा हर घर में नल जल योजना के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जाएगी, परंतु जमीन स्तर पर हालात बद से बद्तर नजर आ रहा हैं।

**इनका कहना हैं**

तलैया गहरीकरण की फाइल एक वर्ष से जनपद पंचायत कार्यालय अमरपुर में तकनीकी स्वीकृति हेतु लंबित हैं, और भटवा मोहल्ला में एक हैंडपंप स्वीकृत हैं जिसका खनन नहीं हो सका हैं।

**-शैलेश रजक**
**सचिव ग्राम पंचायत देवरी**

# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई समीक्षा बैठक



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।**

कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न विभागीय गतिविधियों की समीक्षा बैठक ली। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह सहित समस्त सीईओ जनपद पंचायत व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने आयोजित बैठक में कहा कि जिले के पेयजल समस्या वाले ग्रामों में परिवहन एवं अन्य माध्यमों से पेयजल आपूर्ति करें। जिन ग्रामों में नलजल के कार्य निर्माणाधीन हैं उन्हें शीघ्र पूरा करें व जिन ग्रामों में नलजल के कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं, उन्हें ग्राम पंचायत को हस्तांतरित कर नियमित पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने कहा कि पीवीटीजी के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में आवास निर्माण कार्य, विद्युत आपूर्ति, पेयजल आपूर्ति सहित अन्य मूलभूत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में पूर्व से स्वीकृत निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्वक समय-सीमा में पूरा करें तथा स्वीकृत कार्यों के लिए स्थल निरीक्षण करें। नगर पंचायत के साथ-साथ हाइवे रोड में पड़ने वाली ग्राम पंचायतों में भी अवारा पशुओं के लिए पुख्ता प्रबंध किए जाएं, जिससे संभावित सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके। सड़क में घूम रहे अवारा पशुओं को गौ-शाला भेजने के निर्देश दिए गए।

सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों का प्राथमिकता से समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण लेवल-1 एवं लेवल-2 पर ही हो जाना चाहिए।

कलेक्टर ने बताया कि आगामी 25 मई को डिंडौरी जिले की स्थापना दिवस है। उन्होंने कहा कि सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को वृक्षारोपण की तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पेयजल की अत्यंत आवश्यकता वाले सानिों, हाट-बाजारों में प्याऊ लगाने को कहा। कलेक्टर श्री मिश्रा ने जनपद स्तर पर भी पुस्तकालय की स्थापना करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने कैरियर काउंसलिंग केन्द्र, नर्मदा नदी के घाटों की साफ-सफाई, वाटरशेड के कार्यों और स्वास्थ्य शिविर आदि कर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

### कल होगा रक्तदान शिविर का आयोजन

**अनूपपुर।** माननीय मुख्य न्यायाधिपति म.प्र. उच्च न्यायालय/मुख्य संरक्षक, म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निदेर्शानुसार संपूर्ण प्रदेश में 4 मई को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में रविन्द्र सिंह, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं प्रधान जिला न्यायाधीश के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय अनूपपुर में 4 मई को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।



# कला संकाय से जिले में दूसरा स्थान पाकर समाज का किया नाम रोशन

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।**

शहपुरा नगर का बेटा ओम गुप्ता ने अपने माता-पिता,गुरुजनों और नगर सहित जिले का नाम रोशन किया है। इस बेटा ने शासकीय उच्चतर उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय शहपुरा में 12वीं कक्षा में कला संकाय से अध्ययन करते हुए जिले में 93ः प्राप्त कर जिले की प्रावीण्य सूची में द्वतीय स्थान हासिल किया है। छात्र ओम गुप्ता ने बताया कि वह अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को देता है। प्रसन्न का कहना है कि वह पढ़ाई के साथ-साथ अपने माता-पिता के कामों में भी हाथ बंटाता था वह आगे चलकर प्रोफेसर बनना चाहता है। बेटे की इस उपलब्धि पर वह अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

मां ने कहा अपनी बेटे ओम की इस सफलता पर खुशी जाहिर करते-करते भावुक हो गई और कहा कि बेटे ने आज हमारा नाम रोशन कर दिया। सफलता के बाद नगर वालों में खुशी की लहर छा गई और सभी उसके घर पहुंच कर बधाइयां दे रहे हैं। कलेक्टर विकास मिश्रा के आदेशानुसार एवं सहायक आयुक्त डॉ संतोष शुक्ला के मार्गदर्शन में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहपुरा द्वारा संस्था के प्राचार्य डॉ. डी के श्रीवास्तव प्रतिभा श्रीवास्तव, तृप्ति गुरुदेव, मिलन सिंह वरकडे, सीमा ठाकुर,, विजय लक्ष्मी तिवारी, अनिल झारिया, गजरू सिंह परस्ते, सुरेंद्र गुप्ता, रिचा चैरसिया, मोहम्मद तारिक, शिवानी साहू, ज्योति गोंड, देवेंद्र साहू, दीप्ति चैहान, सतीश पाठक, उमेश साहू, वंदना साहू, सचिन झारिया एवं के एल यादव आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### किडजी समर कैंप का शुभारंभ



**नरसिंहपुर ।** गुरूवार को मेधावी विद्यार्थियों द्वारा किडजी प्री स्कूल नरसिंहपुर में आज से बच्चों के समर कैंप का शुभारंभ मध्य प्रदेश की 12 वी बोर्ड प्रवीण सूची में अपना तीसरा स्थान बनाने वाली निशा भारती , पंकज पंडित की सुपुत्री, 10 वी बोर्ड में छठवा स्थान बनाने वालें गर्वित गुप्ता एडवोकेट संदीप गुप्ता के सुपुत्र के द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया मेधावी छात्रों द्वारा पालकों एवं नन्हे मुन्ने बच्चों को दिए गए उद्बोधन में बताया गया की प्ले स्कूल में बच्चों के माइंड का विकास होता है जिससे बच्चे बड़ी क्लास में अच्छा स्कोर करते है साथ साथ ग्राउंड एक्टिविटी के द्वारा शारीरिक कौशल भी बढ़ता है स्कूल संचालक श्रीमती स्वाति मनीष जायसवाल के द्वारा जिले का प्रदेश का नाम रोशन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का माला पहनकर सम्मान किया गया इस शिविर में बच्चों के समग्र विकास हेतु आर्ट एन्ड क्राफ्ट डांस फुटबॉल क्रिकेट बैडमिंटन एवं मल्टीप्ले सिस्टम द्वारा प्रतिभा निखारने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है ।

### वाह भाई वाह में मेघा की प्रस्तुति आज



**नरसिंहपुर ।** नगर की महिला कवियत्री मेघा मिश्रा आज टीवी चैनल के सुप्रसिद्ध कार्यक्रम वाह भाई वाह में अपना काव्यपाठ करेंगी। उक्त कार्यक्रम मे करने वाली नरसिंहपुर की पहली कवियत्री है ।

### प्रवेश प्रक्रिया हेतु हेल्प सेंटर का शुभारंभ



**करेली।** आदर्श शिक्षण समिति द्वारा संचालित महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाइन ई प्रवेश हेल्प सेंटर का विधिवत शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ यू एस परमार के द्वारा माँ सरस्वती पूजन के साथ किया गया। महाविद्यालय के प्रवेश प्रभारी डॉ संजीव चौबे ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन उच्चशिक्षा विभाग भोपाल द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है प्रथम चरण के पंजीयन 1 मई से 20 मई तक होंगे एवं सीटों का आवंटन 25 मई को होगा और प्रवेश शुल्क का भुगतान 25 मई से 3 जून तक ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा इस अवसर पर महाविद्यालय ई प्रवेश समिति के सभी सदस्य एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक मौजूद रहे ।

### महेन्द्र सिंह वार्ड में चला सफाई अभियान



**करेली।** गुरूवार को महेंद्र सिंह किलेदार वार्ड करेली की पार्षद संगीता शर्मा के आग्रह पर सीएमओ श्रीकांत पाटर इंजीनियर योगेंद्र बाथरी ने शिवाजी कॉलोनी में पानी निकासी की समस्या को हल करने के लिए निरीक्षण किया एवं जेसीबी मशीन से अभी कच्ची नाली बनवाई जिससे अंडर ब्रिज में पानी न जाए जो पुलिया ऊपर डाली गई थी उसको जेसीबी से हटाकर नीचे किया गया जिससे पानी बहने लगे निरीक्षण के समय महेंद्र वार्ड की पार्षद संगीता शर्मा पूर्व जल सभापति साथ में थी ।

### मोहित पटैल का निधन



**करेली।** गत दिवस ग्राम कनवास के सुप्रतिष्ठित, करेली निवासी शैलेश पटैल के पुत्र मोहित पटैल का 39 वर्ष की आयु में निधन हो गया । आप कक्काजी स्व. कुँवर नारायण सिंह के नाती, हर्षित, लोकेन्द्र सिंह के भाई देवेन्द्र , सोमेश नरेश पटैल के भतीजे थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम कनवास मे किया गया।

## प्रेम संबंध बना हत्या का कारण, आरोपी गिरफ्तार

# अंधी हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

गुरूवार को पुलिस ने अंधी हत्या का खुलासा करते हुये महिला एवं पुरूष आरोपी को गिरफ्तार कर लिया । ज्ञात हो कि थाना कोतवाली के अंतर्गत आने वाली निवासी पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम बारह छोटा मे 16 वर्षीय किशोर की हत्या कर दी गई । जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई थी ।

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।





पुलिस अधीक्षक अमित कुमार पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुयें बताया कि पुलिस चौकी निवारी अंतर्गत अंधी हत्या के मामले 01 आरोपी व 01 महिला आरोपी गिरफ्तार किया गया हत्या की वजह अवैध प्रेम संबंध बताया गया ।

### घटना इस प्रकार

पुलिस चौकी निवारी अंतर्गत सिंमरिया हार नहर के पास ग्राम बाहर छोटा में एक व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना दी गई थी । सूचना पर पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम गठित कर घटना स्थल पहुंचकर उक्त सूचना की तस्दीक की गयी सिमरिया हार तरफ जाने वाले रास्ते के तिराहे में एक व्यक्ति का रक्त रंजिश शव पडा हुआ था एवं गले में धारदार हथियार से चोट के निशान दिखाई दे रहे थे जो उक्त शव की पहचान हुल्कर मेहरा के द्वारा उसके भतीजे सोमेश मेहरा पिता नेतराम मेहरा उम्र 16 साल नि. ग्राम बारहछोटा के रूप में हुयी जो थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरूध्द अप.क्र.362/2024 धारा 302, 201 भादवि का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया ।

### प्रेमी जोड़े ने बनाई थी योजना

पप्पू और नीतू ने प्लान बनाया कि सोमेश को फोन करके बुलाकर घूमने के लिये ले जाकर उसे जान से खत्म कर देगा और प्लान के अनुसार ही घटना दिनांक को रात्रि में पप्पू ने सोमेश को फोन कर बुलाया और घूमने कि लिये अपनी मोटर सायकल से सिमरिया हार नहर तरफ ले गया और रास्ते में गाडी रोककर मृतक सोमेश मेहरा से बोला कि वह नीतू से फोन पर क्यों बात करता है तो मृतक सोमेश ने बोला कि वह तो बात करेगा उसे जो पटाना है पटा ले उसके बाद पप्पू काछी के द्वारा पहले अपनी गाडी में खुची हुयी कुल्हाड़ी से सोमेश के गले में दो तीन बार वार किया जिससे सोमेश वहीं पर गिर कर खत्म हो गया। जो आरोपी के बताये अनुसार मेमोरेण्डम लेख किया गया एवं मेमोरेण्डम के आधार पर आरोपी के द्वारा घटना में प्रयुक्त कुल्हाडी, पहने हुयी कपडे, घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल एवं मोबाईल फोन जप्त किया गया एवं आरोपी पप्पू काछी पिता मुन्नालाल काछी उम्र 41 साल नि. ग्राम बारह छोटा को गिरफ्तार किया गया है एवं नीतू उर्फ सपना मेहरा पति हुल्कर मेहरा उम्र 30 साल ग्राम बारह छोटा से पूछताछ की गयी जिसने पूछताछ में पप्पू काछी के साथ मिलकर प्लान बनाकर सोमेश मेहरा की हत्या का प्लान बनाया था प्लान के अनुसार नीतू के प्रेमी ने सोमेश मेहरा की कुल्हाडी से मारकर हत्या कर दी जो उक्त आरोपिया से उसका मोबाईल फोन जप्त किया जाकर आरोपिया नीतू उर्फ सपना मेहरा को गिरफ्तार किया गया है । न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया ।

### प्रेम संबंध बना हत्या का कारण

उक्त अज्ञात आरोपी की तलाश पतासाजी हेतु हेतु गठित टीम को निर्देशित किया गया जो उक्त टीम व्दारा अज्ञात आरोपी की तलाश हेतू ग्रामीण स्तर पर मुखबिर लगाये एवं संदेहियों से पूछताछ की गयी । जो संदेह के आधार पर ग्राम बारहछोटा के ही रहने वाले पप्पू काछी पिता मुन्नालाल काछी से पूछताछ की गयी जिसने पूछताछ में बताया कि उसके और मृतक सोमेश मेहरा की चाची नीतू उर्फ सपना मेहरा के बीच प्रेम-संबंध थे । एक बार मृतक सोमेश ने पप्पू और नीतू को साथ में देख लिया था तभी से सोमेश अपनी चाची नीतू को ब्लैकमेल करता था । घटना के एक दिन पूर्व नीतू ने यह बात पप्पू काछी को बतायी कि सोमेश उसे ब्लैकमेल कर रहा उसका कुछ करो ।

### इनकी रही भूमिका

उक्त कार्रवाई में उनि मनीष मरावी, उनि दिलीप सिसोदिया, महिला उनि दिव्या सनोडिया, प्र. आर. 339 विवेक तिवारी वरि.आर. 302 जितेन्द्र सिंह ठाकुर, वरिष्ठ आर. 515 पंकज सिंह राजपूत, वरि. आर. 311 प्रहलाद माधवे, आर. 642 रोहित चन्पुरिया, आर. 641 शुभम यादव, आर. 747 मयूर पंचेश्वर, आर. 721 नरेन्द्र राठौर व सैनिक क्र.187 चूरामन पटैल की सराहनीय भूमिका रही । उक्त सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी कर्मचारियो को पुलिस अधिक्षक द्वारा पुरूस्कृत करने की घोषणा की गई है।

# चना एवं मसूर उपार्जन केन्द्र

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा जारी उपार्जन नीति और भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत रबी सीजन 2023- 24 व विपणन वर्ष 2024- 25 में समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर उपार्जन का कार्य 26 मार्च से 31 मई 2024 तक की अवधि में किया जाना है।

जिला उपार्जन समिति द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार रबी विपणन वर्ष 2024- 25 में समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से चना एवं मसूर उपार्जन कार्य के सुचारू रूप से संचालन के लिये जिले में किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए 25 गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्रों का निर्धारण किया गया है।

इस सिलसिले में करेली तहसील के अंतर्गत प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित रामपिपरिया हेतु सेन्ट्रल वेयरहाउस कठौतिया व आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सिल्हेटी हेतु स्वनिर्मित गोदाम तीन- ए करेली बस्ती को खरीदी केन्द्र बनाया गया है। तहसील गाडरवारा के अंतर्गत सहकारी विपणन संस्था मर्यादित खुलरी हेतु ऋषभ वेयरहाउस कामती- गाडरवारा, सहकारी विपणन संस्था मर्यादित करेली हेतु नायक देवी प्रभा वेयरहाउस लिंगा बरमान रोड, विपणन सहकारी समिति चीचली हेतु जय किशन वेयरहाउस, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित बोहानी हेतु श्री रघुवंशी वेयरहाउस कौडिया, बृहत्ता सेवा सहकारी संस्था गाडरवाड़ा हेतु, एमपीडब्ल्यूएलसी गाडरवारा कैम्पेस गाडरवारा, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित हेतु नर्मदा वेयरहाउस भौरझिर और सेवा सहकारी समिति हर्रई हेतु जैन वेयरहाउस अजंसरा को खरीदी केन्द्र बनाया गया है। तहसील गोटेगाँव के अंतर्गत प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित मेख हेतु केजीएन वेयरहाउस उमरिया, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित इमलिया (कामती) हेतु श्री शिवशक्ति एग्रो वेयरहाउस पिंडरई, बृहत्ता सेवा सहकारी संस्था गोटेगांव हेतु मॉ रेवा वेयरहाउस बगासपुर, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित सर्रा हेतु जय मारूति वेयरहाउस सर्रा लाठगांव, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सालीवाडा हेतु राव वेयरहाउस कंजई, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित मगरधा हेतु ओम वेयरहाउस बौछार, सेवा सहकारी समिति मर्यादित बढ़ैयाखेड़ा हेतु बुद्धेश्वर एग्रो लॉजिस्टिक वेयरहाउस सांकल को खरीदी केन्द्र बनाया गया है।

तहसील तेंदूखेड़ा के अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित मुगार्खेड़ा हेतु श्री मॉ वेयरहाउस लोलरी राजमार्ग, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित हिरनपुर (बरमान) हेतु समर्थ सहारा वेयरहाउस चॉवरपाठा, सेवा सहकारी समिति सर्रा हेतु अमलतास एण्ड कंपनी वेयरहाउस रमपुरा, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित बिलहेरा हेतु हरसिद्धी वेयरहाउस बिलहरा, सेवा सहकारी समिति बिल्थारी और हरिओम वेयर हाउस हेतु भूमि वेयरहाउस डोभी ईश्वरपुर को खरीदी केन्द्र बनाया गया है। तहसील नरसिंहपुर के अंतर्गत बृहत्ता सेवा सहकारी संस्था नरसिंहपुर हेतु अंश वेयरहाउस निंदनी, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित नयागांव हेतु श्री वृंदावन पंडा वेयरहाउस नयागांव धमना और प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कोसमखेड़ा हेतु अयान वेयरहाउस भैंसा को खरीदी केन्द्र बनाया गया है। सांईखेड़ा के अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था रमपुरा हेतु केशवानंद वेयरहाउस पालीखैरी को खरीदी केन्द्र बनाया गया है। किसानों से अपील की गई है कि वे भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत रबी सीजन 2023-24 (विपणन वर्ष 2024-25) में समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर उपार्जन हेतु पंजीकृत मोबाइल नंबर से स्लाट बुक कर अपने नजदीकी उपार्जन केन्द्र पर उपज विक्रय कर सकते हैं। यह जानकारी उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास नरसिंहपुर ने दी है।

# ओएचई तार टूटने से थमे ट्रेनों के पहिए, यात्री परेशान



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

जबलपुर-नरसिंहपुर रेलखंड में सालीचौका के पास गुरूवार को रेलवे लाइन का ओचई तार टूटने से पुणे दानापुर गाड़ी लगभग चार घंटे तक ट्रेनों के पहिए थमे रहे, इस बीच सुधार कार्य किया जा रहा था, लेकिन तेज गर्मी के चलते ट्रेन में बैठे यात्री हलाकान होते दिखाई दिए। वही इस दुर्घटना से इटारसी की ओर जाने वाली ट्रेनें प्रभावित हुई। कई ट्रेनों को रोकना पड़ा। इसके अलावा लंबी दूरी की कुछ अन्य ट्रेनों को भी जबलपुर से श्रीधाम के बीच अलग-अलग स्टेशन में खड़े कर दिया गया। इससे यात्री परेशान हुए। लगभग पांच से छह घंटे तक मरम्मत कार्य हुआ। उसके बाद जबलपुर-इटारसी के बीच ट्रेनों की आवाजाही सामान्य हुई।

### 25 हजार केवी की विद्युत आपूर्ति वाली लाइन

प्राप्त जानकारी के अनुसार ओएचई तार ट्रटने की घटना गुरूवार को शाम के समय हुई। इस तार से ही ट्रेनों को चलाने के लिए विद्युत आपूर्ति होती है। यह लगभग 25 हजार केवी की विद्युत लाइन है। तार टूटकर आपस में टकराने से तेज चिंगारी निकली। उस समय आसपास कोई नहीं था। दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। रेल प्रशासन के अनुसार सुधार कार्य के बाद ट्रेनों का संचालन सुचारू हो गया है।

### पानी के लिए तरसे यात्री

तेज गर्मी होने व कई घंटों तक ट्रेन रूके होने के चलते प्यास के कारण यात्री परेशान दिखाई दिए, वही सबसे ज्यादा हालत बच्चों की खराब दिखी, बावजूद इसके आसपास पीने के पानी के लिए कोई व्यवस्था न होने से लोग पानी ढूंढते नजर आए। घटना के लगभग एक घंटे तक पुणे दानापुर गाडी साली चौका में खड़ी रही, लेकिन तब तक सुधार कार्य करने रेल्वे का दल नहीं पहुंचा था। वही समाचार लिखे जाने तक मरम्मत कार्य जारी है।

# शिक्षा को लेकर तेंदूखेड़ा की हो रही लगातार उपेक्षा

## क्या नवीन शैक्षणिक सत्र से बदल पायेगी व्यवस्था ?

तेंदूखेड़ा-

कहा जाता है जहां की शिक्षा व्यवस्था जितनी ज्यादा सुदृढ़ हुआ करती है वहां का विकास उतना ही ज्यादा हुआ करता है और युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने के द्वार खुल जाते हैं। लेकिन तेंदूखेड़ा क्षेत्र के साथ शिक्षा के क्षेत्र में हो रही लगातार हो रही उपेक्षा के चलते छात्रों को शासकीय स्तर पर उत्कृष्ट शिक्षा नहीं मिल पा रही है साथ ही यहां के छात्र बाहर जाकर शिक्षा ग्रहण करने के लिए मजबूर बनें हुए हैं।

### कहां गया सी एम राइज

तेंदूखेड़ा तहसील मुख्यालय में एक ही छत के नीचे पहली से बारहवीं तक की शिक्षा को लेकर शासन की योजना अनुसार यहां पर सी एम राइज स्कूल खोले जाने की घोषणा की गई थी लेकिन चुनाव पूर्व शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2023ध्24 में सी एम राइज स्कूल खोले जाने की जो सूची जारी की गई है उस 130की सूची में नरसिंहपुर जिले से तेंदूखेड़ा तहसील मुख्यालय का नाम नदारद है। लोगों ने इस विषय को लेकर तरह तरह की अपनी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उपेक्षा की बात रखी है। तथा तेंदूखेड़ा में भी नये सत्र से सी एम राइज खोलने की मांग की है।

### खंडहर जर्जर विद्यालय का नहीं हुआ उद्धार

उपेक्षा का एक और उदाहरण यह है कि तेंदूखेड़ा का सबसे पुराना हाईस्कूल जहां से हर वर्ग के छात्रों ने शिक्षा ग्रहण कर हर क्षेत्र में ऊंचाई पाई आज उसी विद्यालय के जर्जर होने और एक भाग गिर जाने के बाबजूद, शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा मौके का मुआयना कर प्रतिवेदन प्रस्तुत कर बजट की पेशकश की गई लेकिन जीणोद्धार को लेकर आज तक कोई उचित कार्यवाही नहीं हो सकी है।बीच का भाग जहां तहां से खिसलकर जमींदोज हो गया है। जिस कारण से हाईस्कूल के छात्रों को बैठने में परेशानी हो रही है।बीच वाले भाग को अलग कर एक नया भवन बनाने की महती आवश्यकता है।

### कृषि कामर्श विषय की बढ़ायें जाये

तेंदूखेड़ा एक कृषि प्रधान क्षेत्र है अधिकांश वर्ग यहां पर कृषि पर आश्रित है लेकिन कृषि से संबंधित विषयों की पढ़ाई व्यवस्था यहां के स्कूलों में नहीं है मुख्य रूप से कृषकों का कहना है कि यहां के सरकारी स्कूलों में कृषि आधारित संकाय प्रारंभ किये जायें जिससे युवा पीढ़ी कृषि आधारित ज्ञानार्जन कर आधुनिक पद्धति से खेती कर उन्नतशील कृषक बन सके।

### महाविद्यालय में नहीं बढ़ सके विषय

लगभग एक दशक पूर्व प्रारंभ हुये शासकीय महाविद्यालय की यह स्थिति बनी हुई है कि यहां पर एक ही कला संकाय विषय ही संचालित है। जिसमें साढ़े पांच सौ से अधिक छात्र छात्राएं अध्ययन किया करते हैं। विषय बढ़ने से लेकर उच्च शिक्षा विभाग के मंत्री के तेंदूखेड़ा आगमन पर दो और तीन बार लिखित में जानकारी भी प्रस्तुत की गई। यहां तक कि क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल के द्वारा भी विषय बढ़ाये जाने के लिए पत्र लिखा है।लेकिन आज तक कोई उचित व्यवस्था नहीं हो पाना सोचनीय विषय बना हुआ है। विज्ञान गणित कामर्स संज्ञाय विषय ना बढ़ने से यहां के छात्रों को अन्य स्थानों पर बाहर जाना पड़ता है।एक साथ छात्रों को बैठने में भी परेशानी हुआ करती है।

### नियमित प्राचार्य एवं प्राध्यापकों का अभाव

महाविद्यालय में नियमित विषय बार व्याख्याताओं के साथ प्राचार्य ना होने से महाविद्यालय की ग्रोथ रुकी पड़ी है।समय समय पर इन सभी गतिविधियों को लेकर उच्चाधिकारियों से लेकर मंत्रालय के प्रतिनिधियों को भी अवगत कराया गया लेकिन आज तक कोई उचित कार्यवाही नहीं हो सकी है। वुद्धिजीवी वर्ग का कहना है कि जानबूझकर तेंदूखेड़ा तहसील मुख्यालय के साथ उपेक्षित नजरिया अपनाया जा रहा है। और स्थानीय सजग वर्ग भी शिक्षा व्यवस्था को लेकर अभी तक सार्वजनिक रूप से आगे नहीं आया है। आने वाले नवीन सत्र से व्यवस्था में आमूल चूल परिवर्तन की मांग अब सड़कों पर होने लगीं है।

### लू- तापघात से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी

**नरसिंहपुर ।** स्वास्थ्य विभाग ने आम नागरिकों को लू- तापघात से बचाव के लिए समसमायिक सलाह दी है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर व उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना, सिर में भारीपन एवं दर्द का अनुभव होना, अधिक प्यास लगना व पेशाब कम आना, भूख कम लगना और बेहोश होना लू- तापघात के लक्षण है। इनके बचाव के लिए बहुत अनिवार्य हो तो घर से बाहर जाये, धूप में निकलने से पहले सिर एवं कानों को कपड़े से अच्छी तरह से ढक लें, पानी अधिक मात्रा में पिये, अधिक समय में धूप में न रहे, बच्चे, बुजुर्ग एवं बीमार व्यक्ति घर से कम निकले विशेषकर दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 4 बजे के मध्य घर से बाहर न जाये, गर्मी के दौरान नरम, मुलायम, सूती हल्के ढीले-ढाले वस्त्र पहनें, धूप में चश्मा, छाता, टोपी एवं जूता पहनकर निकले।

# पूर्व मंत्री की पुण्यतिथि पर हुए विविध आयोजन



तेंदूखेड़ा

समीपी ग्राम इमझिरा रमपुरा के प्रतिष्ठ दीवान परिवार के तथा मध्यप्रदेश शासन के पूर्व राज्य मंत्री स्वर्गीय दीवान चंद्रभान सिंह दद्दू भैया की पुण्यतिथि पर पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तट पर विविध आयोजन किए गए। रेता घाट बरमान में मां नर्मदा एवं भगवान भोलेनाथ का महारुद्राभिषेक किया गया पूजन उपरांत एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, श्रद्धांजलि सभा में लोधी महासभा प्रदेश अध्यक्ष राव बहादुर सिंह, लोकसभा में कांग्रेस प्रत्याशी तथा पूर्व विधायक संजय शर्मा वरिष्ठ नेता मैथिलीशरण तिवारी, देवेंद्र सिंह पटेल,नरेंद्र राजपूत, पूर्व विधायक सुनीता पटेल, एनपी प्रजापति, आशीष पालीवाल, सहित जिले के जनप्रतिनिधि एवं प्रदेश के अनेक संगठनों के कार्यकर्ता श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे।इस मौके पर वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखते हुए स्वर्गीय दीवान साहब के द्वारा किए गए कार्यों का काफी विस्तार से उल्लेख किया। एवं उनके अविस्मरणीय कार्यो की सराहना की।इस मौके पर दीवान परिवार के दीवान शैलेंद्र सिंह, दिग्विजय सिंह, महेंद्र सिंह, सौरभ सिंह, राहुल सिंह दीवान रितु सिंह के द्वारा सभी उपस्थित जनों का स्वागत किया गया। श्रद्धाजलि सभा के उपरांत नर्मदा के पावन तट पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया तथा परिक्रमा वासियों एवं वृद्ध महिलाओं को वस्त्र भेंट कर अपने पिता को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### मेढ़ पर अतिक्रमण कर रास्ता किया बंद


**तेंदूखेड़ा।** तहसील तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत एक मामला सामने आया है एवं पीड़ति कृषक ने तेंदूखेड़ा तहसील कार्यालय एवं पुलिस थाना तेंदूखेड़ा में लिखित शिकायत देकर गन्ना जुताई को लेकर गये टेक्ट्रर को निकालने देने की गुहार लगाई है।आवेदक दीपक खोजर ने अपनी शिकायत में बताया है कि सुन्हेटी खसरा नंबर 356/13 355/9 एवं 355/5/2 कुल रकवा साढ़े चार एकड़ भूमि बैनामा खरीदी गई है।इस खेत पर जाने आने का टेकापार और सुन्हेटी मौजा से खेत की मेढ से खेत तक जाने का सार्वजनिक उपयोग का रास्ता है लेकिन लेकिन इस रास्ते पर अतिक्रमण हो जाने की स्थिति में अब यहां से आना जाना कुछ कृषकों ने बंद कर दिया है ।आवेदक दीपक खोजर का कहना है कि उसके द्वारा गन्ने की जुताई करने 24अप्रैल को अपना टेक्ट्रर लेकर गया हुआ था। जुताई करने के बाद जैसे ही वह टेक्ट्रर वापस ला रहा था उसका टेक्ट्रर नहीं निकलने दिया और रास्ता बंद कर दिया गया है। तभी से टेक्ट्रर वहीं पर खड़ा हुआ है। उसके द्वारा आगे किसी भी प्रकार से किसी से बाद विवाद ना को तहसीलदार तेंदूखेड़ा और पुलिस थाने तेंदूखेड़ा में लिखित शिकायत दर्ज कराई है लेकिन अभी तक किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई ।

**इनका कहना है**

हमारे पास लिखित शिकायत आई है एवं मामला भी रजिस्टर्ड कर लिया है। संबंधित हल्का पटवारी को तत्काल मौके पर जाकर वस्तुस्थिति जानने तथा नक्शा के साथ प्रतिवेदन लाने आरोपी पक्ष को सुनने के उपरांत जो स्थिति सामने आयेगी मामले का तत्काल प्रभाव से निराकरण करा दिया जाएगा।

**नीरज तखरया** तहसीलदार तेंदूखेड़ा

# शत प्रतिशत रहा शासकीय हाईस्कूल डोभी एवं इमझिरा स्कूलों का परीक्षा का परिणाम



**डोभी।** विगत दिनों घोषित हुए हाईस्कूल हायर सेकंडरी स्कूलों के परीक्षा परिणामों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोभी में कक्षा 10 एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में कुल 40 विद्यार्थियों में से 20 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी व 20 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। वहीं कक्षा 12वीं में 29 विद्यार्थियों में से 25 विद्यार्थी में से 4 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी 25 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इसी तरह शासकीय हाईसेकेंडरी स्कूल इमझिरा में भी बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा, जिसमें कक्षा दसवीं में दर्ज 51 विद्यार्थियों में से 4 प्रथम श्रेणी में 47 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। हाई सेकेंडरी परीक्षा में दर्ज 39 विद्यार्थियों में 4प्रथम श्रेणी में 35 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यार्थियों की इस सफलता पर डोभी संकुल प्राचार्य श्रीमती राजेश्वरी साहू इमझिरा प्राचार्य सीमा मिश्रा वरिष्ठ शिक्षक गोठल सिंह पटेल, पुष्पलता पटेल, देवीसिंह पटेल, हरिराम प्रजापति, सहित सभी शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।